**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शनिवार को बिड़ला सभागार में नागपुर की संस्था "नाद ब्रह्म" द्वारा मंचित 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' नाट्य प्रस्तुति को देखने पहुंचे। उन्होंने डॉ. हेडगेवार की जीवन आलोक पर आधारित नाटक देखा और उसकी सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी उपस्थित रहीं। नाट्य प्रस्तुति से पहले आयोजित कार्यक्रम में बागडे ने कहा कि राष्ट्र केवल भू-भाग नहीं, बल्कि एक विचार, एक आचार, एक सभ्यता और परम्परा है। डॉ. हेडगेवार जी ने इसी राष्ट्रवादी सोच को जन जन तक पहुंचाया। वह महामना, चिंतक थे। राज्यपाल ने डॉ. हेडगेवार के जीवन से जुड़े प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि उनके लिए राष्ट्र प्रथम था। विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उन्होंने इसी उद्देश्य से की थी कि समाज अनुशासित, सशक्त और संगठित बने। डॉ. हेडगेवार ने जाति-पांति का घोर विरोध किया और कहा कि इसे "जड़ से" समाप्त करना होगा। संघ शाखाओं के माध्यम से इसलिए उन्होंने सदा समानता, अनुशासन और देशभक्ति का संस्कार देने का कार्य किया। बागडे ने डॉ. हेडगेवार के जीवन से जुड़े आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए 'नादब्रह्म' संस्था की नाट्य मंचन की पहल के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि यह नाटक डॉ. हेडगेवार के जीवन—आलोक से ही साक्षात् नहीं कराने वाला है बल्कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भारत को सशक्त, समर्थ बनाने में सहभागी होने की दृष्टि देने वाला है।

### CET के नियम,परीक्षा पैटर्न में बदलाव

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) ने समान पात्रता परीक्षा (CET) - 2026 की तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार CET के नियमों और परीक्षा पैटर्न में बड़ा बदलाव किया जाएगा।इस बार सीईटी में नेगेटिव मार्किंग लागू की जाएगी। इसके साथ ही CET स्नातक स्तर की परीक्षा नवंबर 2026 और सीनियर सेकंडरी स्तर की परीक्षा दिसंबर 2026 में आयोजित होगी। इसे पास करने वाले युवाओं के लिए ही राज्य की लगभग 19 से 23 बड़ी भर्तियों का रास्ता खुलेगा। इनमें पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी (VDO), कनिष्ठ लेखाकार, एलडीसी, प्लाटून कमांडर, छात्रावास अधीक्षक और पुलिस कॉन्स्टेबल जैसी भर्तियां शामिल हैं।दरअसल, CET सर्टिफिकेट की वैधता 1 साल थी। इसे अब बढ़ाकर 3 साल कर दिया गया है। इससे 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को फायदा मिलेगा।

## ब्रीफ खबरें

### 12वीं में 97% नंबर आए तो चांदी की किताब चढ़ाई सांवलियाजी को



**चित्तौड़गढ़।** बर्तन व्यवसायी ने बेटे के अच्छे रिजल्ट के लिए सांवलियाजी से मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने पर भक्त ने सांवलिया सेठ को चांदी की किताब चढ़ाई। व्यवसायी के बेटे ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) 12वीं कॉमर्स में 97 प्रतिशत नंबर के साथ स्कूल में टॉप किया। शहर के प्रताप नगर निवासी व्यवसायी सुनील काबरा शुक्रवार को बेटे चिन्मय और परिवार के साथ मंदिर पहुंचे। राजभोग आरती के समय सुनील काबरा ने भगवान को किताब चढ़ाई।

सुनील काबरा ने बताया- यह खास किताब करीब 50 ग्राम चांदी से तैयार करवाई गई है और इसमें कुल पांच पन्ने हैं। यह किताब अहमदाबाद (गुजरात) में स्पेशल ऑर्डर देकर बनवाई गई। किताब के पहले पेज पर एक तरफ 'श्री सांवलिया सेठ की जय' और दूसरी तरफ '12वीं पास' लिखा हुआ है।

दूसरे पेज पर सांवलिया सेठ की तस्वीर बनाई गई है। जबकि बाकी पन्नों पर भी भगवान सांवलिया सेठ की जय और उनकी तस्वीरें अंकित की गई हैं। इस किताब का ऑर्डर करीब 15 से 20 दिन पहले ही दे दिया था, क्योंकि उन्हें बेटे के अच्छे अंक आने की उम्मीद थी। हालांकि यह अंदाजा नहीं था कि चिन्मय स्कूल टॉपर भी बन जाएगा। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।

### घर-घर पहुंचा डेंगू रोग की रोकथाम का संदेश, किया गया जागरूक

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शनिवार को जिलेभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्मिकों ने घर-घर जाकर आमजन को डेंगू रोग से बचाव, स्वच्छता एवं मच्छरों की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को बताया गया कि डेंगू से बचाव के लिए घर एवं आसपास पानी जमा नहीं होने दें, पानी की



टंकियों को ढककर रखें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि डेंगू की रोकथाम में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक की सतर्कता से ही इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अभियान के दौरान पेम्पलेट वितरण, जनसंवाद एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### जागरूकता ही थैलेसीमिया रोकथाम का सबसे बड़ा उपाय : प्रो. अग्रवाल




**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में फार्मेसी विभाग द्वारा 'थैलेसीमिया जागरूकता संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया जैसी आनुवांशिक बीमारियों के प्रति समाज में पर्याप्त जागरूकता का अभाव है, जबकि यह बीमारी धीरे-धीरे शरीर, मानसिकता और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे "लर्निंग, री-लर्निंग और अनलर्निंग" की प्रक्रिया को अपनाते हुए नई जानकारियों को खुले मन से ग्रहण करें। मुख्य वक्ता अशोक गोयल ने थैलेसीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं जागरूकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। भारत विकास परिषद के रीजनल सचिव पर्यावरण दिलीप पारिक ने परिषद की गतिविधियों एवं समाज सेवा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद राष्ट्र निर्माण एवं जनजागरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### नशे के कारोबार में लिप्त ढाबे पर चलाया बुलडोजर, किया जमींदोज

**झालावाड़।** झालावाड़ जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार सुबह वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एनएच-52 पर पचोला के पास स्थित एक अवैध ढाबे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। यह ढाबा खेड़ी पचोला निवासी भंवरलाल पुत्र गोपीलाल द्वारा संचालित किया जा रहा था। उस पर लंबे समय से ढाबे की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप थे। प्रशासन के अनुसार, आरोपी ने अकलेरा रेंज की बेशकीमती वन भूमि पर अवैध कब्जा कर ढाबे का निर्माण किया था। वन विभाग ने पूर्व में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस



जारी किया था, लेकिन निर्धारित समय में अवैध निर्माण नहीं हटाने पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अल सुबह से ही पचोला क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। यह कार्रवाई एसीएफ मुकेश सहजवानी के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेंद्र मीणा, अकलेरा डीवाईएसपी बृजेश कुमार और थाना घाटोली प्रभारी अजय शर्मा सहित अन्य स्टाफ की मौजूदगी में की गई।

---

**जेएलएन हॉस्पिटल :** स्टाफ पर कमीशन के लालच में गुमराह कर प्राइवेट अस्पताल में भेजने के लगाए आरोप

# युवक की मौत के बाद परिजनों का हंगामा, पुलिस ने जांच शुरू की

**FAIR REPORT**

**अजमेर**

शहर के जेएलएन हॉस्पिटल में युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने जेएलएन हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे को शिकायत भी दी है। शिकायत में अस्पताल के स्टाफ पर कमीशन के लालच में गुमराह कर प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद हॉस्पिटल ने पांच कर्मचारियों को हटा दिया। बता दें कि 30 साल का युवक गोविंद महावर केकड़ी का रहने वाला था। जिसे केकड़ी हॉस्पिटल से जेएलएन में रेफर किया गया था। युवक की मां मधु महावर




पत्नी रामलाल ने बताया कि उन्हें गुमराह कर जेएलएन की जगह प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। शिकायत पर हॉस्पिटल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। दूसरी तरफ केकड़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

युवक की मां ने बताया कि 14 मई को बेटा काम के लिए घर से गया था। बेटे से फोन पर बात हुई तो उसने कहा कि वह घर वापस आ रहा है। इसके बाद बेटा केकड़ी के पास घायल हालत में सड़क पर मिला। राहगीरों से इसकी जानकारी मिली। मां ने बताया कि बेटे को केकड़ी हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से अजमेर की जेएलएल अस्पताल रेफर किया गया था। ट्रॉली बॉय और अन्य स्टाफ ने गुमराह कर एंबुलेंस के जरिए एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। प्राइवेट हॉस्पिटल में भी भर्ती करने के बाद मिलने नहीं दिया गया। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। बेटे की पहले ही डेथ हो चुकी थी। उसके बावजूद भी उसे हॉस्पिटल के वेंटिलेटर पर रखा गया। इस बीच उससे कई वसूली भी की गई। कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि बेटे की डेथ हो गई है। इसके बाद शव को जेएलएन हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी गई।

### 5 कर्मचारियों को शिकायत के बाद अस्पताल ने हटाया

हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे को शिकायत देकर मरीज को आपातकालीन सेवाओं से वंचित करने और प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाने के लिए गुमराह करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। हॉस्पिटल के उपाधीक्षक डॉक्टर अमित यादव ने मामले में कहा कि पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत देकर कुछ जगह पर गुमराह कर प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजने का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने के बाद प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल सामरिया और अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने तुरंत एजेंसी को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए पांच कर्मचारियों को हटा दिया गया है। इसमें ट्रॉली मेन, वार्ड बॉय और सुपरवाइजर शामिल है। उपाध्यक्ष ने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए यह कार्रवाई की गई है।

---

**किडनी फेल्योर के मामले :** डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों को बुलाकर पूछताछ की

# एम्स दिल्ली और जोधपुर की टीम ने अस्पताल में निरीक्षण किया, ट्रीटमेंट का रिकॉर्ड देखा

**FAIR REPORT**

**कोटा**

मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल और जेके लोन हॉस्पिटल में प्रसूताओं की मौत और किडनी फेल्योर के मामले में जांच जारी है। पूरे घटनाक्रम के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की थी। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के निर्देश पर एक हाई लेवल कमेटी गठित की गई। इस कमेटी में एम्स दिल्ली और जोधपुर के डॉक्टर शामिल हैं। यह पूरी टीम शनिवार कोटा पहुंची और अस्पताल का जायजा लिया। इसकी अध्यक्षता एम्स दिल्ली की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. रीता माहे ने की। कमेटी में पीएसएम, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, गाइनेकोलॉजिस्ट, माइक्रोबायोलॉजी, एनेस्थीसिया व पीडियाट्रिक्स के चिकित्सक शामिल हैं। कमेटी ने जेके लोन और मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में घंटों तक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों का रिकॉर्ड लिया गया, जिन



प्रसूताओं की मौत हुई, उनके ट्रीटमेंट का रिकॉर्ड देखा गया। नर्सिंग केयर की जानकारी ली गई। ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम की व्यवस्थाओं को समझा गया। कमेटी ने मरीजों की एंट्री से लेकर एग्जिट तक के पूरे प्रोसेस और उपचार में लगे समय की जानकारी ली। टीम ने उपचार में लगे डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों को बुलाकर पूछताछ भी की।

जेके लोन अस्पताल की अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा के अनुसार कमेटी प्रसूताओं की मौत और गंभीर बीमार होने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। नर्सिंग रिकॉर्ड को बारीकी से देखा गया। सभी मेडिकल इन्वेस्टिगेशन और मरीजों को हैंडल करने की प्रक्रिया की जानकारी ली गई। इसके अलावा ठीक हुए केसों के बारे में भी पूछताछ की गई। इस कमेटी में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के डॉ. रंजन सिंह, पीडियाट्रिक्स के डॉ. अंकित वर्मा, एनेस्थीसिया के डॉ. दालिम सिंह, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. गगनदीप सिंह और एम्स जोधपुर की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनीषा झीरवाल शामिल हैं।

### अस्पताल आने से डर रहे मरीज




डॉ. निर्मला शर्मा का कहना है कि नए अस्पताल में मरीज आने के बाद अचानक दो दिन मरीज बढ़ गए थे। हालांकि 7 और 8 तारीख को मरीज आ गए थे, लेकिन जब जेके लोन में भी मरीज पहुंच गए तो संख्या कम हो गई, अब प्रसव यहां कम हो गए हैं, जिनमें सिजेरियन और नॉर्मल डिलीवरी दोनों शामिल हैं। हम मरीजों को विश्वास दिला रहे हैं कि सब कुछ नॉर्मल हो गया है। उन्होंने बताया कि हमारे अस्पतालों में पहले सीरियस और हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाले मरीज ही आते थे। अभी कोटा रेफर होकर आ रहे हैं, लेकिन परिजन उन्हें दूसरे निजी अस्पताल ले जा रहे हैं। जल्द ही लोगों का अस्पतालों पर विश्वास वापस लौट जाएगा।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**झुंझुनूं।** शहर में एक युवक ने शनिवार सुबह पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाली पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर मिले मोबाइल फोन से मृतक की पहचान विमल कुमार शर्मा निवासी रीको क्षेत्र के रूप में हुई। सूचना पर पर युवक का भाई बाबूलाल शर्मा और पड़ोसी बीडीके हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों ने कहा- आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव लेंगे। विमल ने सुसाइड नोट में पुलिस पर भी सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। घटना न्यू हाउसिंग बोर्ड पुलिस लाइन फाटक के पास की शनिवार सुबह 8:43 बजे की है। युवक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि, मैं आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया हूं। मेरी मौत के जिम्मेदार मुकेश चौहान, स्वाति चौहान, उज्जवल लोहिया, यूबी भाटी और उनके 2-3 साथी हैं। इन लोगों ने मेरे भाई से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करीब 1.5 करोड़ रुपए हड़प लिए। कर्ज इतना बढ़ गया है कि घर, जमीन और गहने तक बिक गए हैं। कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी बिना जांच के फाइल बंद कर दी गई।

### पेट्रोल पंपों पर छापा, घटतौली करने पर 3 नोजल सीज, लगाया जुर्माना

**FAIR REPORT**

**भीलवाड़ा**

राजस्थान के उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर विधिक माप विज्ञान विभाग ने जिले में पेट्रोल पंपों पर व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया। दो दिनों में भीलवाड़ा और जहाजपुर क्षेत्र के कुल 10 पेट्रोल पंपों की जांच की गई, जिसमें घटतौली (कम तेल देने) और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। विधिक माप विज्ञान अधिकारी महैन्द्र सिंह चौधरी ने बताया की विभागीय जांच दल ने 'श्री श्याम इंडियन ऑयल', 'दीपक पेट्रोलियम' और 'शिव इंडियन ऑयल' पर बड़ी गड़बड़ी पकड़ी। इन पंपों पर मशीनों के नोजल से प्रति 5 लीटर पेट्रोल पर 30 मिलीलीटर कम तेल



दिया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि सघन जांच के दौरान जहां श्री श्याम इंडियन ऑयल पर एक नोजल से प्रतिमाह 45 लीटर पेट्रोल कम देकर उपभोक्ताओं को करीब 4,800 का नुकसान पहुँचाया जा रहा था। वहीं दीपक पेट्रोलियम पर दो नोजलों से हर महीने लगभग 90 लीटर पेट्रोल कम दिया जा रहा था, जिसकी कीमत करीब 9,600 है। इसी तरह शिव इंडियन ऑयल के यहाँ एक नोजल से प्रतिमाह 35 लीटर पेट्रोल कम दिया जा रहा था।

### छेड़छाड़ के आरोप में तीन मनचलों को किया गिरफ्तार

**नागौर।** पुलिस ने महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत एक डिकॉय ऑपरेशन चलाकर महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार कस्बा नागौर में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, विद्यालय और महाविद्यालय जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कालिका टीम और थाना कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं पर फब्तियां कसने, कमेंट करने तथा छेड़छाड़ करने वाले तीन युवकों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमगोविंद, प्रवीण तथा अभिषेक कुमार शामिल हैं।

### लॉरेंस गैंग का खबरी गिरफ्तार, गैंगस्टर्स को भेजा करता था पल-पल की खबर

**FAIR REPORT**

**सीकर**

शेखावाटी के व्यापारियों और राजनेताओं को लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के नाम पर मिलने वाली धमकियों के पीछे छिपे एक बड़े राज का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। खाटूश्यामजी पुलिस और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ऐसे स्थानीय गुर्गे को दबोचा है, जो बाहर बैठे गैंगस्टर्स को स्थानीय कारोबारियों के व्यापार और उनकी पल-पल की लोकेशन की जानकारी मुहैया करवा रहा था। पूरा मामला खाटूश्यामजी सहकारी समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता श्याम सुंदर पूनिया से जुड़ा है। पूनिया को बीते 26 सितंबर 2025 को लॉरेंस गैंग के गुर्गे हैरी बॉक्सर



के नाम से एक वॉट्सऐप कॉल और मैसेज आया था, जिसमें उनसे 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। रकम न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद 14 अक्टूबर को दोबारा धमकी भरा मैसेज आया। पुलिस इस मामले की गहराई से तफ्तीश कर रही थी, क्योंकि बिना किसी स्थानीय मुखबिर के लॉरेंस या गोदारा गैंग के पास इतनी सटीक जानकारियां पहुंचना मुमकिन नहीं था।

तफ्तीश के दौरान पुलिस के हाथ एक बड़ा सुराग लगा, जिसके बाद निकटवर्ती ग्राम पंचायत लामिया के रहने वाले युवक बिट्टू उर्फ महेंद्र जींजवारिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह आरोपी लगातार श्याम सुंदर पूनिया की रेकी कर रहा था। वह पूनिया के आने-जाने के वक्त से लेकर उनके हर छोटे-बड़े कारोबार की सीक्रेट इंफॉर्मेशन लॉरेंस गैंग के गुर्गों तक वॉट्सऐप के जरिए पहुंचा रहा था। रींगस के एडिशनल एसपी दीपक गर्ग ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि खाटूश्यामजी में अब तक दो बड़े लोगों को रंगदारी के लिए धमकियां मिल चुकी हैं।

---

**दुस्साहस :** शहर विधायक ताराचंद जैन को मिली थी शिकायत, एसपी और निगम आयुक्त को कब्जा हटाने के दिए निर्देश

# निगम संपत्ति पर कर लिया कब्जा, ताला खुलवा कर सामान जब्त किया

**FAIR REPORT**

**उदयपुर**

उदयपुर में नगर निगम ने शनिवार को ब्रह्मपोल मस्जिद के पास में स्थित नगर निगम के दो कमरों पर किए गए कब्जों को मुक्त करवाया। टीम ने इन कमरों में रखे हुए सामान को जब्त भी किया। इस दौरान दरगाह कमेटी के कुछ लोग मौके पर आ गए थे और इन लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया। निगम के अधिकारी नहीं माने। पिछले दिनों उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन को इन दोनों कमरों पर कब्जा करने की शिकायत मिली थी। इस पर उन्होंने एसपी और निगम आयुक्त को इन दोनों कमरों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए कहा था। जानकारी के अनुसार शहर के ब्रह्मपोल इलाके में मस्जिद के पास



नगर निगम के दो कमरे खाली पड़े थे। इन दोनों कमरों के बाहर बरामदें भी है। वर्षों से खाली पड़े इन कमरों में एक बोर्ड, कुछ झंडे और अन्य सामान रखकर कब्जा कर लिया और बाहर ताला लगा दिया। निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने शनिवार सुबह मौके पर निगम से टीम को भेजा और मौका देखने को कहा। टीम ने मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि निगम की सम्पति के रूप में दोनों कमरों के बाहर ताला था। अंदर कुछ बोर्ड, कुछ धार्मिक झंडे सहित अन्य सामान रखा था। आयुक्त के आदेश पर नगर निगम के पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी और राजस्व अधिकारी नीतिश भटनागर टीम के मौके पर पहुंचे। मौके पर जाते ही दरगाह कमेटी वालों को बुलाया और कमरों पर लगे तालों को खोलने के लिए कहा। इस पर कमरों पर लगे तालों को खोला गया और दोनों कमरों में रखा सारा सामान जब्त कर लिया गया और निगम लाया गया। इस दौरान हल्का-फुल्का विरोध का भी प्रयास हुआ था पर निगम के अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनी। दोनों कमरों को पुनः निगम ने अपने कब्जे में ले लिया। शहर विधायक तारांचद जैन ने निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना से कहा कि अब इन दोनों कमरों को दुरूस्त करवाकर यहां पर निगम का कोई ना कोई ऑफिस शिफ्ट किया जाएगा ताकि भविष्य में कभी कोई कब्जा नहीं हो सके।

### कभी चुंगी का ऑफिस चलता था यहां पर

ब्रह्मपोल दरगाह के पास में स्थित इन दोनों कमरों में कभी नगर निगम का चुंगी का ऑफिस चलता था और वर्षों पूर्व चुंगी वसूली बंद होने के बाद ये दोनों कमरे खाली हो गए थे और ऐसे ही पड़े थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से बंद पड़े निगम के इन दोनों कमरों के बाहर पहले बरामदें में दो महिलाएं पानी की मटकियां रखकर अस्थाई प्याउ चलाती थी। कुछ लोगों ने इन महिलाओं को भी यहां से हटवा दिया था और कमरों में सामान रखकर बाहर से ताला लगाकर कब्जा कर लिया था।

### ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचला

उदयपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। युवक ट्रक के नीचे फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटता गया। लोगों के शोर मचाने पर ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाया तो युवक सड़क पर गिर गया। युवक के दोनों पैर पिछले टायर के नीचे दब गए। ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने ट्रक को धक्का देकर युवक को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान आगरा निवासी मुकेश पाठक (34) की मौत हो गई। हादसा अंबेरी-सुखेर मार्ग पर अरबन स्कायर मॉल के पास शनिवार दोपहर 12 बजे हुआ।



# UNDERWATER ADVENTURE

A SEA TURTLE SWIMS AMONG TOURSTS SNORKELLING AT PISKADO BEACH IN WESTPUNT CURACO.

## Two Luxury Cars Found Abandoned in Forest, 464 Kg Doda Chura Seized; Smugglers Flee

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Under the ongoing campaign against drugs, the Central Bureau of Narcotics (CBN) seized a large quantity of illegal doda chura on Saturday. Two luxury cars were found abandoned in the forest area near Kanwarji Ka Kheda village in Bassi tehsil. A total of 464.940 kg of doda chura packed in 32 sacks was recovered. Both vehicles and the seized material were taken into custody. According to officials, CBN Chittorgarh P&I Cell received information that two cars carrying a large quantity of illegal doda chura were moving from the Chittorgarh area towards the Marwar region. After the input, a special team was sent to the Shadi-Bassi road area. Officials kept watch on the road for several hours and waited for the vehicles. The team stayed at the spot for around three to four hours, but the cars did not arrive. Officers suspected that the smugglers had changed their route or hidden the vehicles nearby. The team then started a search operation in nearby forest areas and on kacha roads. During the search, two abandoned cars were found parked on a deserted road inside the forest near Kanwarji Ka Kheda village. No one was found at the spot. During checking, officials recovered illegal doda chura packed in 32 sacks from both vehicles. The seized material weighed 464.940 kg. It is believed that due to strict action by police and CBN, the smugglers left the vehicles and escaped. After completing legal procedures, CBN seized the doda chura and both vehicles under the NDPS Act.

## Smart Theft at Health Center, Thieves Break CCTV and Steal Goods Worth Lakhs

**Thieves broke the main gate lock and entered PHC, also took away DVR hard disk; loss estimated at Rs 2–3 lakh**

FAIR REPORT

Chittorgarh- A theft incident was reported on Friday night at the Primary Health Centre (PHC) in Arniyapanth under Shambhupura police station area. Unknown thieves broke the main gate lock and entered the health center. They stole items worth around Rs 2 to 3 lakh and escaped. The incident came to light on Saturday morning when assistant staff member Manju Banjara reached the health center for duty. She saw that the main gate lock and latch were broken and immediately informed Medical Officer Dr. Priyanka Verma. Dr. Priyanka Verma filed a report at Shambhupura police station. She said the thieves carried out the crime in a very smart way. To avoid identification, they damaged the CCTV cameras installed at the health center. The outside bullet CCTV camera was broken, and the DVR hard disk used for recordings was also taken away. Police believe the thieves may have first surveyed the health center before carrying out the theft. After getting information, police reached the spot and started an investigation. CCTV footage from nearby areas is also being checked. According to Dr. Priyanka Verma, the stolen items include two AC sets with compressors, three stabilizers, one inverter, four inverter batteries, one LED TV, one double-door fridge, two jumbo coolers, one bullet CCTV camera, one DVR hard disk, one red carpet and five white bedsheets. The value of the stolen items is estimated at around Rs 2–3 lakh. The incident has also affected health center facilities, especially during the summer season. Police have registered the case and started an investigation.

## Smuggler Using International Numbers for MDMA Network Arrested in Four-Year-Old Case

### Kapasan police arrested wanted accused from Neemuch jail under Operation Trinetra

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Under Operation Trinetra, Kapasan police took major action and arrested a wanted smuggler in a four-year-old MDMA (Molly powder) trafficking case. The accused was using international phone numbers to hide his identity and run a drug network. Police identified him and arrested him from Neemuch jail. Superintendent of Police Manish Tripathi said that a campaign against illegal drug trafficking is being carried out on the instructions of Udaipur Range IG Gaurav Srivastava. Under the guidance of ASP Mukul Sharma and DSP Kapasan Harjeelal Yadav, SHO Sunil Sharma and his team carried out the operation. According to police, in 2022 Kapasan police seized 40 grams of illegal MDMA (Molly powder) from an Alto car during patrol duty. Three accused were arrested and a case under the NDPS Act was registered. During investigation, the arrested accused told police that they had bought the illegal MDMA from a person named Prakash and had spoken to him through international phone numbers. Police then continued technical investigation in the case. During the investigation, police identified the accused as Prakash alias Omprakash Jat, son of Mehram alias Mahiram Jat, a resident of Pato Ki Basni village in Khedapa police station area of Jodhpur district. Police found that the accused was already lodged in Neemuch district jail in Madhya Pradesh. In another NDPS Act case, he had been sentenced to 10 years of rigorous imprisonment and fined Rs 1 lakh by a special NDPS court. After completing legal procedures, police arrested the accused from Neemuch jail on May 16, 2026. Police appealed to the public to immediately report any information related to drug trafficking or suspicious activities to the nearest police station, control room, or Narcotics Helpline number 94604-25643.




## Police Arrest Two Absconders Wanted for Years Under Special Drive

**Rashmi police arrested accused in old assault and theft cases under Operation Sudarshan Chakra-2**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** In a major action under the ongoing campaign against absconders and wanted criminals, Rashmi police arrested two permanent warrant holders who had been avoiding arrest for years. The accused had been absconding for 12 and 15 years in old assault and theft-related cases. Under Operation Sudarshan Chakra-2, Rashmi police arrested two permanent warrant absconders who had been on the run for 12 and 15 years in old assault-related cases. Superintendent of Police Manish Tripathi said that the campaign is being run on the instructions of Udaipur Range IG Gaurav Srivastava to catch permanent warrant holders, absconders and wanted criminals. Under the guidance of ASP Mukul Sharma and DSP Gangrar Shiv Prakash Tailor, Rashmi SHO Ratan Singh and his team carried out the action. According to police, Nanalal Bagaria was wanted in a 2011 assault and theft case, while Shankarlal Bagaria was wanted in a 2014 assault case. Police collected information and technical evidence and successfully arrested both accused.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com